Amar Ujala

Page No. 08 (Gzb) Date. 23rd Feb 2019

युवा ही बदल सकता है देश की तकदीर

मुरादनगर। आईटीएस डेंटल कॉलजे के सभागार में शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने युवाओं से मन की बात की। सीएम ने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं और रोजगार परक कार्यक्रम के बारे में युवाओं को विस्तार से बताया। शुभारंभ भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अश्वनी त्यागी, विधायक अजीतपाल त्यागी ने किया। दोपहर करीब पौने दो बजे सीएम योगी आदित्यनाथ का लाइव कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। आईटीएस सभागार में सीएम योगी के मन की बात कार्यक्रम को देखने के लिए युवा एकत्र हुए। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश और दुनिया के ब्रांड बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि युवा अगर किसी बात को ठान ले तो पत्थर को भी पिघला सकता है। दुनिया में बड़े परिवर्तन के लिए युवा ऊर्जा का बड़ा योगदान है। युवा होने का मतलब ऊर्जावान होना होता है। सीएम ने कहा कि युवा ही देश की तकदीर बदल सकता है। महानगर अध्यक्ष मान सिंह गोस्वामी, अशोक गोयल, मुंशी लाल, सतेंद्र नागर, सांसद वीके सिंह की पुत्री मनाली सिंह आदि मौजूद रहे।

मन की बात कार्यक्रम में सीएम को सुनते भाजपा कार्यकर्ता।

Dainik Jagran

Page.No. IV Date. 23rd Feb 2019

मन की बात में योगी ने युवाओं का किया मार्गदर्शन

सेंस, मुरादनगर : भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा पूरे उत्तर प्रदेश में मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं को प्रेरित किया। इसी क्रम में गाजियाबाद महानगर इकाई द्वारा आइटीएस कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक टीवी चैनल से प्रसारित लाइव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने युवाओं का मार्गदर्शन किया। मुख्यमंत्री 30 मिनट तक लगातार स्क्रीन पर युवाओं के सामने लाइव रहे।

भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अश्वनी त्यागी

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष अश्वनी त्यागी रहे। उन्होंने युवाओं से अनुरोध किया कि मुख्यमंत्री ने लाइव भाषण द्वारा युवाओं को जो मार्गदर्शन दिया है, उसका फायदा उठाना चाहिए। अश्वनी त्यागी ने पहली बार वोट डालने वाले युवाओं को भी मोदी द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं के बारे में बताया और उनसे अनुरोध किया की वह वोट देश हित में डाले। इस मौके पर विदेश राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह की सुपुत्री मृणालिनी सिंह ने युवाओं को राजनीति में आने के लिए प्रेरित किया और कहा राजनीति में युवाओं की जरूरत है।

Hindustan(Hindi)
Page No. -02 (Gzb. City) Date: 23 Feb. 2019

युवाओं ने सुनी मुख्यमंत्री योगी के मन की बात

मुरादनगर | संवाददाता

आयोजन

- केंद्र और प्रदेश सरकार की रोजगारपरक योजनाएं बताईं
- मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये युवाओं को संबोधित किया

आईटीएस डेंटल कॉलेज स्थित सभागर में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से युवाओं से मन की बात की। मुख्यमंत्री ने केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे रोजगारपरक कार्यक्रमों के बारे में युवाओं को विस्तार से बताया। एक दर्जन से अधिक शिक्षण संस्थानों के छात्रों ने मुख्यमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ भाजपा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अश्वनी त्यागी और विधायक अजीत पाल त्यागी ने किया। पौने दो बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से युवाओं को सम्बोधित किया। इस मौके पर विधायक अजीतपाल त्यागी, महानगर अध्यक्ष मान सिंह गोस्वामी सहित कई भाजपा नेता मौजूद थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मोदी सरकार द्वारा स्किल इंडिया, मुद्रा लोन, आयुषमान योजना, जन स्वास्थ बीमा सहित दो दजर्नन से अधिक योजनाओं के बारे में युवाओं को विस्तार से बताया।

Nav Bharat Times (Hindi)

Page.No. Gzb (03)

Date. 23rd Feb 2019

आईटीएस डेंटल कॉलेज में सीएम ने युवाओं से की मन की बात

मन की बात कार्यक्रम में विधायक समेत बीजेपी के कई नेता पहुंचे

■ एनबीटी न्यूज, मुरादनगर : मेरठ रोड स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं से बातचीत की। युवाओं से मन की बात करते हुए टीवी पर लाइव दिखाया गया। इसमें सीएम ने केंद्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकार दी। पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष अश्विनी त्यागी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने युवाओं के लिए कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। सीएम की बातचीत से युवाओं को मार्गदर्शन मिला । सरकार ने देश के करोड़ों बेरोजगार युवकों को रोजगार देने का काम किया है। विधायक अजीतपाल त्यागी ने कहा कि पिछली सरकारों ने देश के युवाओं का भविष्य चौपट कर दिया था, लेकिन हमारी सरकार ने कई योजनाएं लॉन्च की हैं।

जनता से संवाद शुरू

■ एनबीटी न्यूज, गाजियाबाद: 'मेरा परिवार भाजपा परिवार' कार्यक्रम के तहत भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अश्वनी त्यागी ने गांधी नगर मंडल में प्रवास किया। इस दौरान उन्होंने महिला मोर्चा की गांधी नगर मंडल अध्यक्ष रेनू सिंह चंदेला के घर पर स्टीकर लगाया और झंडा फहराया। कार्यक्रम के दौरान अश्वनी त्यागी ने कहा कि भाजपा ने देश के विकास के लिए जो कार्यक्रम शुरू किए हैं, उनके सकारात्मक परिणाम सामने आने शुरू हो गए हैं। आने वाले लोकसभा चुनावों में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ दोबारा से केंद्र में सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए काम कर रही है। देश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है और देश की लगातार तरक्की के लिए जनता का सहयोग बेहद जरूरी है।